दिन–बुधवार दिनांक– 15/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के साथ बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करेंगे। वे मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। श्री मोदी ने चुनाव अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं के भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत से नई ऊर्जा मिलती है। वे कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सीधी बातचीत भी करेंगे।

———————————————————————

एनडीए के घटक दलों के सीटों के बंटवारे को लेकर जारी विवाद के बीच जदयू ने आज सत्तावन उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में छह मंत्रियों के नाम हैं। सूची के अनुसार अठारह विधायकों को दोबारा टिकट मिला है, जबकि दो विधायकों का टिकट कटा है। पार्टी ने चार महिलाओं को भी टिकट दिया है। जदयू ने आलमनगर से नरेंद्र नारायण यादव, फुलवारीशरीफ से श्याम रजक, नालंदा से श्रवण कुमार, जगदीशपुर से भगवान सिंह कुशवाहा, डुमरांव से राहुल सिंह और कल्याणपुर से महेश्वर हजारी को टिकट दिया है। इसके अलावा इस सूची में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का नाम भी शामिल है, जिन्होंने कल अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया था। पार्टी ने लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के दावे वाली पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

———————————————————————

इधर, एनडीए में टिकट बंटवारे से नाराज चल रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा आज दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ अमित शाह के साथ बातचीत करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पूर्व पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में श्री कुशवाहा

ने कहा कि गठबंधन में कुछ विषय हैं, जिसके निराकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी मुद्दों का आपसी सहमति से निपटारा कर लिया जाएगा।

---

इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए में सीट बंटवारे के बाद सभी घटक दलों ने अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों पर चर्चा की और इसके बाद सभी पार्टियां अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एनडीए में कोई समस्या नहीं है।

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक सहमति बनती नहीं दिख रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध समाप्त करने के लिए वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ बातचीत की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वीआईपी को अठारह सीट देने पर सहमति बनी है। इधर, सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस कार्यसमिति की कल नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक हुयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने पैंसठ सीटों की मांग महागठबंधन के समक्ष रखी है। हालांकि राजद की ओर से कांग्रेस को अट्ठावन सीट देने की बात कही जा रही है। इस बीच, भाकपा माले ने अठारह प्रत्याशियों को सिंबल बांट दिये हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज लखीसरास विधानसभा सीट से नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इधर, जदयू नेता और राज्य सरकार के मंत्री सुनील कुमार ने आज गोपालगंज जिले के भोर विधानसभा सीट से अपना पर्चा दाखिल किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी आज राधोपुर विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया।

---

जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने फैसला किया है कि वे प्रत्याशियों की जीत के लिए काम करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।